## ग्वालियर चम्बल सम्भाग की सर्वश्रेष्ठ आई.टी.आई.

**निम्न कारणों से गालव ऋषि ग्रुप ऑफ आई.टी.आई. ग्वालियर चम्बल संम्भाग का सर्वश्रेष्ठ संस्थान है**

1. **जॉब प्लेसमेंन्ट –** गालव ऋषि ग्रुप ऑफ आई.टी.आई. में नियमित रूप से विभिन्न कम्पनियाँ कैम्पस के लिए आती हैं, यहाँ प्रशिक्षणार्थियों को शतप्रतिशत रोजगार दिलवाया जाता है।
2. **उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित –** संस्थान ऐसे उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया जा रहा है जो औद्योगिक तकनीक एवं औद्योगिक संस्कृति के विशेषज्ञ है।
3. **प्रशिक्षण विधि –** संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों को नवीनतम तकनीक जैसे लाइव प्रोजेक्ट बनवाना, उद्योग विशेषज्ञों द्वारा पिक्चर, एल.सी.डी., प्रोजेक्टर एवं वीडियों के माध्यम से सेमीनार तथा इन्डस्ट्रियल विजिट के माध्यम से प्रशिक्षण देना।
4. **सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास –** प्रशिक्षणार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं साक्षात्कार की तैयारी करवायी जाती है।
5. सर्वश्रेष्ठ भवन, वर्कशॉप, सेमीनार हॉल, खेलकूद के मैदान हैं।

### कैम्पस एवं जॉब प्लेसमेंट

**संस्था में विगत वर्षों में निम्न कम्पनियों का जॉब कैम्पस हुआ**

डेन्सो इण्डिया लिमिटेड, गुड़गाँव, हरियाणा
रॉकमैन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, गुड़गाँव, हरियाणा
जे.के. टायर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, बानमोर
वीडियोकॉन लिमिटेड
वी.के.टी. टायर, गुजरात
जे.बी. मंघाराम (ब्रिटानिया), ग्वालियर
रोका बाथरूम प्रोडक्टस लिमिटेड, राजस्थान
टाटा मोटर्स, पंतनगर, हिमाचल प्रदेश
रैनबैक्सी लिमिटेड, मालनपुर, भिण्ड

**अन्य कम्पनीज जहाँ हमारे ट्रेनीज कार्यरत हैं –**

एस.आर.एफ. लिमिटेड, मालनपुर, भिण्ड
सूर्या लाइट्स, मालनपुर, भिण्ड
सूर्या हाई मास, मालनपुर, भिण्ड
फ्लैक्स इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, मालनपुर, भिण्ड
म.प्र. विद्युत मण्डल












## GALAV RISHI GROUP OF INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTES

Bada Goan Road, Morar
Gwalior – 474006 (M.P)
Mob: 7773004543, 7773004545
Email: galavrishi.iti.gwl@gmail.com
Website: www.griti.in

Industrial Area, Malanpur
Distt. Bhind (M.P.) - 477 117
Ph.: 7773004541, 7773004545
Email: galavrishi_itc@yahoo.com
Website: www.galavrishiiti.com

Lahar Road, Mihona
Bhind – 477441 (M.P)
Mob: 7773004542, 9009632238
Email: grriti.mihona@gmail.com
Website: www.grriti.in

# GALAV RISHI

Group of Industrial Training Institutes

Industrial Training Institute



# PROSPECTUS

Affiliated to
National Council for Vocational Training (NCVT)
Directorate General of Employment & Training (DGET)
Government of India



## चेयरमैन संदेश

**एम.एस. भदौरिया**

चेयरमैन

गालव ऋषि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था समूह

(फॉरमर जनरल मैनेजर पर्सनल, जे.के. टायर इन्डस्ट्रीज)

क्राफ्ट्स मेन ट्रेनिंग स्कीम भारतवर्ष में 1950 में प्रारम्भ हुई। इसका उद्देश्य एक ओर भारतवर्ष में घरेलू उद्योगों को सुचारू रूप से चलाने के लिये कुशल वर्कफोर्स प्रदान कराना था, जिससे राष्ट्र में उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके तथा दूसरी ओर बेराजगार युवकों को टेक्नीकल ट्रेनिंग एवं औद्योगिक संस्कृति से परिचित कराकर उद्योगों में काम के अवसर दिलवा कर बेरोजगारी कम करना था। आज भारतवर्ष विकासशील देशों की श्रेणी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। किसी भी राष्ट्र के उत्थान में औद्योगिकीकरण एक प्रमुख कारक है। भारतवर्ष विश्व का बड़ा बाजार बन कर उभरा है, इस कारण प्रत्येक देश भारत वर्ष में अपने उद्योग स्थापित कर रहे हैं, फलस्वरूप अपने देश में रोजगार के भरपूर अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। वर्तमान में अपने देश में दक्ष टेक्नीशियन का अत्यन्त अभाव है। दक्ष टेक्निशियन का निर्माण तभी सम्भव है जब संस्था को प्रोफेशनल ढंग से चलाया जाये।

मुझे प्रसन्नता है कि GRITI GROUP औद्योगिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगा, इसका संचालन उद्योगों में शीर्ष पदों से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में शीर्ष पदों पर पदस्थ विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। इस संस्थान से ऐसे कुशल टेक्नीशियन प्रदान किये जायेंगे जिन्हें औद्योगिक जगत का व्यवहारिक अनुभव होगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह संस्था स्थानीय मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित एवं भविष्य में स्थापित होने वाले उद्योगों के लिये कुशल टेक्नीशियन प्रदान करेगा इसके साथ देश के अन्य भागों में स्थापित उद्योगों में टेक्नीशियन के अभाव की पूर्ति करेगा।

उत्कृष्ट औद्योगिक प्रशिक्षण हमारी सर्वोत्तम मान्यता।

## परिचय

गालव ऋषि ग्रुप ऑफ आई.टी.आई. के अन्तर्गत तीन आई.टी.आई. संचालित हैं।

1. बड़ागाँव , मुरार, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)
2. मालनपुर, गुरिखा चौकी, एन.एच.92, भिण्ड (मध्यप्रदेश)
3. लहार रोड, मिहोना, भिण्ड (मध्यप्रदेश)

गालव ऋषि ग्रुप ऑफ आई.टी.आई. कुशल उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित है। संस्था के चेयरमैन श्री एम.एस. भदौरिया जिन्हें 40 वर्षों का औद्योगिक अनुभव है जो जे.के. टायर बानमोर से जनरल मैनेजर पर्सनल के पद से सेवा निवृत्त हुए हैं। संस्थान मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र के समीप होने के कारण उद्योगों में प्रेक्टीकल ट्रेनिंग व नौकरी के भरपूर अवसर हैं। संस्थानों में सार्वजनिक, मल्टीनेशनल एवं निजी उद्योगों में रोजगार प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है।

## विजन

2020 तक मध्यप्रदेश में कौशल विकास संस्थानों में अग्रणी स्थान बनाना।

## मिशन

संस्थान व्यवसायिक कार्यप्रणाली एवं कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध होते हुए उद्योगों एवं सेवा संस्थानों में प्रचलित आधुनिक प्रौद्योगिकी के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण के माध्यम से कुशल श्रम शक्ति तैयार कर शत प्रतिशत रोजगार के अवसर प्रदान करना।

उपभोक्ता सन्तुष्टि संस्कृति का निर्माण।

## क्वालिटी ऑब्जेक्टिव्स

1. ऐसा व्यवसायिक संस्थान जहाँ सिस्टम आधारित कार्यप्रणाली प्रभावी है।
2. ऐसा संस्थान जहाँ पर कार्यप्रणाली एवं कौशल विकास प्रशिक्षण सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित है।
3. संस्थान में ऐसी संस्कृति प्रदान करना जिससे प्रशिक्षण के दौरान रोजगार अर्जित किया जा सके।
5. उद्योग जगत के टेक्नीकल विशेषज्ञों के सेमीनार, छोटे-छोटे गहन टेक्नीकल कोर्सेस एवं उद्योग भ्रमण द्वारा औद्योगिक आवश्यकता एवं संस्कृति से प्रशिक्षणार्थियों को परिचित कराना।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर

मालनपुर-संस्था के पास 70,000 वर्गफुट का विशाल भूखण्ड, 18500 वर्गफुट का विशाल भवन उपलब्ध है।

बड़ागाँव, मुरार - संस्था के पास 20,000 वर्गफुट का भूखण्ड एवं 15,000 वर्गफुट का नवीन भवन उपलब्ध है।

मिहोना - संस्था के पास विशाल भवन उपलब्ध है।

सभी संस्थाओं में खेल एवं खेल मैदान की उत्तम व्यवस्था है। नवीन तकनीक पर आधारित आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों युक्त वर्कशॉप, कॉन्फ्रेन्स हॉल, पावर बैकअप के लिए जनरेटर, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, हॉस्टल एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था है।

## वर्कशॉप

अ) कोपा - अति आधुनिक कम्प्यूटर, इन्टरनेट एवं एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के द्वारा ट्रेनिंग एवं प्रेक्टीकल तथा मार्केट की आवश्यकता के अनुसार ट्रेनिंग।

ब) इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक - अति आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण - सी.आर.ओ. तथा सी.आर.ओ. ट्रेनर किट, ब्लैक एण्ड व्हाइट एवं कलर टी.वी. एवं टी.वी. ट्रेनर किट, स्वीप जनरेटर, सिंगल जनरेटर, कई प्रकार के विद्युतीय मापक यंत्र एवं कम्प्यूटर्स, रेडियो, टेलीविजन एवं मोबाइल रिपेयरिंग आदि।

स) इलेक्ट्रीशियन - इलेक्ट्रिक मशीन ट्रेनर, डी.सी. मोटर, डी.सी. सीरीज मोटर, इंडक्शन मोटर, ट्रांसफोर्मर (सिंगल फेज, थ्री फेज), मोटर-जनरेटर सेट, ओ.सी.बी., वी.सी.वी. इत्यादि।

द) फिटर - सी.एन.सी. मशीन, लेथ मशीन, ड्रिल मशीन, गैस और आर्क वैल्डिंग इत्यादि।

## कोर्सेस

- कोपा (कम्प्यूटर)........................कोर्स अवधि 1 वर्ष
- इलेक्ट्रोनिक मेकेनिक ...................कोर्स अवधि 2 वर्ष
- इलेक्ट्रीशियन............................कोर्स अवधि 2 वर्ष
- फिटर ....................................कोर्स अवधि 2 वर्ष

आर्हता-10वीं उत्तीर्ण, सेन्ट्रल/म.प्र. बोर्ड ऑफ सेकेन्ड्री एज्युकेशन

## प्रवेश प्रक्रिया

निर्धारित आवेदन-पत्र निर्धारित अन्तिम दिनांक तक निम्न अभिलेखों के साथ जमा करना होगा।

1. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची की छायाप्रति-3 प्रति
2. स्थानान्तरण प्रमाणपत्र की मूलप्रति
3. आधारकार्ड की छायाप्रति-2 प्रति
4. पासपोर्ट साइज फाटोग्राफ - 4
5. मूलनिवासी प्रमाणपत्र की छायाप्रति-3 प्रति
6. जाति एवं आय (लागू होने पर) की छायाप्रति

प्रवेश का आधार आर्हकारी परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट अनुसार होगा।

## प्रशिक्षण विधि

1. नियमित इन्डस्ट्रियल विजिट (उद्योग भ्रमण) जिससे प्रशिक्षणार्थी उद्योगों की कार्यप्रणाली से परिचित हो सकें।
2. उद्योग विशेषज्ञों द्वारा नियमित सेमीनार के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाता है।
3. एल.सी.डी. प्रोजेक्टर के द्वारा पिक्चर एवं वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।
4. टेक्नीकल क्विज, ड्रॉइंग एवं सेमीनार जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जाता है।
5. प्रशिक्षणार्थियों से लाइव मॉडल बनवाये जाते हैं जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान होता है तथा स्किल का विकास होता है।

## सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास

प्रशिक्षणार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए टेक्नीकल ट्रेनिंग के अतिरिक्त निम्न गतिविधियाँ संचालित है-

1. कम्प्यूटर शिक्षा
2. स्पोकन इंग्लिश और कम्युनिकेशन स्किल
3. खेलकूद प्रतियोगितायें (प्रशिक्षणार्थी के शारीरिक विकास के लिए खेल जैसे क्रिकेट, कबड्डी, बॉलीबॉल, बैडमिन्टन, गोला फेंक, दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कैरम, शतरंज इत्यादि।

सांस्कृतिक गतिविधियाँ-सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे एकल गायन, समूह गान, नाटक मंचन इत्यादि।











